# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

website-msuniversity.ac.in Gmail ID – registrar@msuniversity.ac.in


पत्रांक : 2169 / 13 / परीक्षा / MSU/2022–23 दिनांकः 19 / 12 / 2022

## कार्यालय ज्ञाप

एतद्द्वारा द्वारा समस्त सम्बंधित को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2021–22 में प्रवेशित छात्रों को प्रवेश एवं परीक्षा आवेदन फार्म भरे जाते समय विषयों के चयन में आधारभूत त्रुटियां संज्ञान में आयी है, जिस कारण छात्रों के परीक्षा परिणाम घोषित करने में कठिनाई हो रही है। यदि त्रुटिपुर्ण विषय चयन के आधार पर परीक्षाफल घोषित कर दिया जाता है तो छात्रों को भविष्य में अपूरणीय क्षति होने की सम्भावना है। उक्त प्रकरण को परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 29.11.2022 को विचारार्थ प्रस्तुत किया गया, जिसपर मा0 परीक्षा समिति द्वारा निम्नव्त निर्णय लिया गया।

शैक्षणिक सत्र 2021–22 की अगस्त–सितम्बर, 2022 में आयोजित परीक्षा(माइनर / स्किल / वोकेशनल कोर्स) में त्रुटिपूर्ण प्रश्न–पत्रों का चयन किये जाने के कारण परीक्षाफल तैयार किये जाने पर आ रही कठिनाईयों का निवारण किये जाने के सम्बन्ध में विचार।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कुलसचिव द्वारा अवगत कराया गया कि–

(क) पैतृक विश्वविद्यालय चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों के सत्र 2021–22 के स्नातक प्रथम सेमेस्टर (राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020) के उपलब्ध करायी गये डाटा एवं माह अगस्त–सितम्बर, 2022 में माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर द्वारा सम्पन्न करायी गई द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा के परीक्षा परिणाम तैयार करते समय यह संज्ञान में आया है कि कतिपय छात्र / छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 में उल्लिखित बहुविषयकता (Multi-disciplinary) की व्यवस्था के निर्धारित नियमों के विपरीत एक ही संकाय से मेजर / माइनर विषयों का चयन कर लिया गया है। जबकि मेजर / माईनर विषयों का चयन करते समय छात्र / छात्रा को कम–से–कम एक विषय का चयन अन्य संकाय से करना अनिवार्य है। (यथा– 03 मेजर विषय –विज्ञान वर्ग + 01 माईनर इलैक्टिव पेपर – कला वर्ग अथवा प्रथम 02 मुख्य विषय – विज्ञान वर्ग एवं तृतीय मुख्य विषय – कला वर्ग की स्थिति में चयनित मुख्य इन तीन विषयों को छोड़कर कोई भी पेपर जो महाविद्यालय में उपलब्ध हो, माईनर इलैक्टिव पेपर के रूप में चयनित कर सकता है)। कला वर्ग के लिए बहुविषयकता का नियम वर्ग के अंर्तनिहित विभाजन भाषा, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान और दृश्य एवं मंचीय कलाओं में भी किया जा सकता है।

यह भी संज्ञान में आया है कि कुछ महाविद्यालयों में छात्र / छात्राओं द्वारा प्रथम / द्वितीय सेमेस्टर में से किसी में भी माईनर इलैक्टिव पेपर का चयन नहीं किया गया।

यह भी संज्ञान में आया कि कुछ महाविद्यालयों के छात्र / छात्राओं द्वारा स्नातक प्रथम सेमेस्टर में परीक्षा फॉर्म भरते समय माईनर इलैक्टिव पेपर का चयन महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये विकल्पों से भिन्न कर लिया गया है। जबकि सम्बन्धित महाविद्यालयों में ऐसे छात्र / छात्राओं हेतु ना तो कक्षाओं का संचालन कराया गया और ना ही आन्तरिक परीक्षा ली गयी।

ऐसे इन छात्र / छात्राओं को नियमानुसार माईनर इलैक्टिव पेपर आवंटित कर उसकी एक्सैल शीट तैयार कर विश्वविद्यालय की ई–मेल helpdeskmsuweb+college@gmail.com पर दिनांक 30.12.2022 तक प्रेषित करें।

(ख) कतिपय छात्र/छात्राओं द्वारा प्रथम/द्वितीय अथवा दोनों सेमेस्टर में वोकेशनल विषय का चयन नहीं किया गया है तथा कुछ छात्रों द्वारा प्रथम सेमेस्टर में चयनित वोकेशनल पाठ्यक्रम को ही द्वितीय सेमेस्टर में चयनित कर लिया गया है जबकि प्रत्येक सेमेस्टर में अनिवार्य रूप से भिन्न पेपर चयनित करने की व्यवस्था है। (प्रोग्रेसिव स्किल कोर्स की दशा में पेपर शीर्षक समान रहेगा, अलग–अलग सेमेस्टर के लिए पेपर कोड भिन्न होगा)।

(ग) कतिपय छात्र/छात्राओं द्वारा प्रथम सेमेस्टर में को–क्यूरिकुलर विषयों का चयन ही नहीं किया गया है। जबकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत सभी छः सेमेस्टर में निर्धारित एक–एक विषय का चयन करना अनिवार्य है, जिसका सेमेस्टरवार विवरण विश्वविद्यालय नियमावली में उल्लिखित है।

संकल्प : उपरोक्त तथ्यों के आलोक में परीक्षा समिति द्वारा यह निश्चय किया गया कि उपर्युक्त क्रम सं0 (क) से सम्बन्धित छात्र/छात्राओं का गलत पेपर चयन का डाटा हटाकर सम्बन्धित छात्रों को तृतीय सेमेस्टर में प्रथम वर्ष (प्रथम/द्वितीय सेमेस्टर) के वांछित माईनर इलैक्टिव पेपर महाविद्यालय में उपलब्ध विकल्पों में से नियमानुसार चयन कराकर सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा इनकी कक्षाएं संचालित कराकर उक्त पाठ्यक्रम का शिक्षण कार्य पूर्ण कराते हुये परीक्षा सम्पन्न कराकर उक्त छात्रों की विश्वविद्यालय द्वारा संचालित परीक्षा प्रथम सेमेस्टर के साथ सम्पन्न कराते हुए परीक्षाफल पूर्ण कराया जाये। उक्त छात्रों को द्वितीय वर्ष (तृतीय/चतुर्थ सेमेस्टर) के माईनर इलैक्टिव पेपर की प्रतिपूर्ति का अवसर केवल चतुर्थ सेमेस्टर में ही प्रदान किया जायेगा।

उपर्युक्त क्रम सं0 (ख) से सम्बन्धित ऐसे छात्र/छात्रा जिन्होंने वोकेशनल पाठ्यक्रम का गलत चयन कर लिया है, को निरस्त कर दिया जाये। ऐसे समस्त छात्र/छात्रा जिन्होनें प्रथम/द्वितीय सेमेस्टर अथवा दोनों में वोकेशनल पाठ्यक्रम का चयन नहीं किया है, के साथ ही गलत वोकेशनल पाठ्यक्रम चयन करने वाले छात्रों को सम्बन्धित महाविद्यालयों द्वारा उनके महाविद्यालय में संचालित वोकेशनल पाठ्यक्रम का सही चयन कराते हुए नियमानुसार पाठ्यक्रम पूर्ण कराकर परीक्षा परिणाम के अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित कराया जायें।

उपर्युक्त क्रम सं0 (ग) से सम्बन्धित छात्र/छात्राओं के प्रथम सेमेस्टर के को–क्यूरिकुलर विषय का विश्वविद्यालय पोर्टल पर चयन कराकर तृतीय सेमेस्टर के साथ ही प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में बैक परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित कराकर नियमानुसार परीक्षाफल पूर्ण करा दिया जाये।

उपरोक्त समस्त सम्बन्धित छात्रों से उक्त विषयों की परीक्षा हेतु (एक अवसर) किसी प्रकार का शुल्क ना लिया जाये।

अतः निम्नवत् दी गई श्रेणी के अन्तर्गत उल्लिखित महाविद्यालय वेबसाईट पर दिये गये लिंक पर जाकर छात्रों का त्रुटिरहित विषय चयन करना सुनिश्चित करे, जिससे छात्रों के परीक्षाफल घोषित करने एवं आगमी परीक्षा के आवेदन फार्म भराये जानी की कार्यवाही सम्पादित की जा सके।

**बी0कॉम प्रथम सेमेस्टर (मेजर/माईनर के रूप में एक ही संकाय का चयन)**

कॉलेज कोडः– 119, 127,130,149,219,410,518,726, 739

**बी0एस0सी0 प्रथम सेमेस्टर (मेजर/माईनर के रूप में एक ही संकाय का चयन)**

कॉलेज कोडः– 103,106,107,118,149, 154, 205, 501, 504, 707, 726

**बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर (मेजर/माईनर के रूप में एक ही संकाय का चयन)**

कॉलेज कोडः– 102, 103, 104,118,119,120,124,125,149,158,160,184, 206, 208, 212, 219, 220, 504, 507, 511, 515, 520, 521, 527, 528, 529, 703, 704, 707, 714, 722, 726, 729,739, 740, 749 एवं 756

**बी0कॉम द्वितीय सेमेस्टर (मेजर/माईनर के रूप में एक ही संकाय का चयन)**

कॉलेज कोडः– 114,132,180,712, एवं 742

**बी0एस0सी0 द्वितीय सेमेस्टर (मेजर/माईनर के रूप में एक ही संकाय का चयन)**

कॉलेज कोडः– 103,134,144,149,154,171,184,193,203,205,707,733 एवं 735

**बी0ए0 द्वितीय सेमेस्टर (मेजर/माईनर के रूप में एक ही संकाय का चयन)**

कॉलेज कोडः– 103,105,106,114,115,120,123,125,128,134,139,147,148,149,155,165,168,174,176,179 180,184,195,203,210,216,218,219,505,507,508,521,525,527,530,531,533,703,707,724,725,730,736,740, 745,746,749,750 एवं 757

**बी0ए0 प्रथम वर्ष (प्रथम/द्वितीय सेमेस्टर) में माईनर इलैक्टिव पेपर चयन ना करने वाले संस्थान**

कॉलेज कोडः– 102, 103, 104, 119, 124, 125, 149, 160, 184, 212, 219, 220, 520, 521, 529, 703, 704, 714, 726, 729, 739

**बी0एससी0 प्रथम वर्ष (प्रथम/द्वितीय सेमेस्टर) में माईनर इलैक्टिव पेपर चयन ना करने वाले संस्थान**

कॉलेज कोडः– 103, 106, 118, 149, 154, 205, 707, 726

**बी0कॉम0 प्रथम वर्ष (प्रथम/द्वितीय सेमेस्टर) में माईनर इलैक्टिव पेपर चयन ना करने वाले संस्थान**

कॉलेज कोडः– 119, 726, 739

**को–कुरिकुलर (प्रथम सेमेस्टर में चयन नही किया गया)**

कॉलेज कोडः– 101,102,103,106,144,162,168,184,219,405,501,503,504,515,703,713,714,725 एवं 749

**वोकेशनल (प्रथम सेमेस्टर में चयन नही किया गया)**

कॉलेज कोडः– 103,144,149,405,501,504,714 एवं 749

**वोकेशनल (प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर में एक ही वोकेशनल पाठयक्रम का चयन किया गया)**

कॉलेजकोडः–101,103,104,110,114,115,118,119,120,121,123,125,126,127,128,134,144,147,149,152,154,155, 157,158,162,165,168,175,179,182,184,185,187,195,203,205,206,208,210,212,216,218,219,220,402,404,405,501,502,503, 504,508,511,515,518,521,525,526,527,528,529,702,703,704,707,712,714,715,724,725,726,729,733,735,736,740,748,749, 750,751,754,756 एवं 757

उपरोक्त उल्लिखित समस्त महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि परीक्षा समिति द्वारा लिए गये निर्णय के आलोक में समस्त सम्बंधित छात्रों को अवगत कराते हुए विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर दिये गये लिंक पर जाकर दिनांक 25.12.2022 से 30.12.2022 तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के आलोक में विषयों का पुनः आवंटन कर डाटा अपलोड कराना सुनिश्चित करें तथा आवंटित विषयों की विशेष कक्षाएं चलाकर पाठयक्रम पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। आवंटित विषयों की विशेष परीक्षा विषम सेमेस्टर के साथ कराया जाना प्रस्तावित है। वोकेशनल विषय के आवंटन के पश्चात समस्त सम्बंधित महाविद्यालय आवंटित वोकेशनल विषय की विशेष कक्षाएं चलाकर पाठयक्रम पूर्ण कराते हुए ऑनलाईन अंक (आन्तरिक/प्रयोगात्मक) अपलोड करना सुनिश्चित करें।

कुलसचिव

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थः–**

01. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या।
02. वित्त अधिकारी।
03. सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय) को सूचनार्थ।
04. प्रभारी, परीक्षा विभाग।
05. सचिव, कुलपति कार्यालय को, मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव